बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का अतिरिक्त परीक्षाफल

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 06.03.2020 को प्रकाशित किया गया था। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उक्त परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों के अंक पत्र आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित किये गये।

अंक पत्र प्रदर्शित किये जाने के बाद कुछ उम्मीदवारों द्वारा अभ्यावेदन के माध्यम से सूचित किया गया कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 17528/2019, अतुल रंजन बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के आलोक में बहुदिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित 65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के पुनर्विज्ञापन के आलोक में उनके द्वारा बहुदिव्यांगता का दावा सम्बन्धी अभ्यावेदन आयोग कार्यालय को भेजा गया था, परन्तु उन्हें बहुदिव्यांग प्रकृति के निशक्त (MD) उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंक – 53 से अधिक अंक प्राप्त होने के बावजूद प्रकाशित परीक्षाफल में शामिल नहीं किया गया है।

जाँचोपरान्त आयोग को स्पष्ट हुआ कि कट–ऑफ अंक – 53 से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले 05 बहुदिव्यांग प्रकृति के निशक्त (MD) उम्मीदवारों, जिन्होंने प्रारम्भिक परीक्षा हेतु भरे गये आवेदन में दूसरे प्रकृति की दिव्यांगता का दावा किया गया था एवं पुनर्विज्ञापन की शर्त्तों के आलोक में दिनांक 13.08.2019 के पूर्व का बहुदिव्यांगता प्रमाण पत्र समर्पित किया गया था, की दिव्यांगता की प्रकृति में अपेक्षित संशोधन नहीं किया गया था जिसके फलस्वरूप 04 उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 129280, 191935, 356767 एवं 460142 को प्रारम्भिक परीक्षा में सफल नहीं घोषित किया जा सका था।

एक अन्य उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 504066 जो दृष्टि बाधित (VI) कोटि के अन्तर्गत सफल घोषित उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं, की दिव्यांगता की प्रकृति को बहुदिव्यांग (MD) श्रेणी में परिवर्तित किया जाता है एवं शेष 04 उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 129280, 191935, 356767 एवं 460142 को प्रारंभिक परीक्षा में बहुदिव्यांग श्रेणी के अन्तर्गत सफल घोषित करता है।

21.4.20

तिथिः 21 अप्रैल, 2020

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना